IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com



SKYC-B-SOCY

# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से, संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**

**Write short answers, with a sociological perspective, on the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) ए.आर. देसाई के भारतीय समाज अध्ययन के 'द्वन्द्वात्मक परिप्रेक्ष्य' की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं को उजागर कीजिए ।

Highlight the significant features of A.R. Desai's 'Dialectical Perspective' to study Indian Society. *10*

(b) "1950 का दशक भारतीय समाजशास्त्र में ग्रामीण अध्ययन का स्वर्णिम युग था ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

"The decade of 1950s was the golden period of village studies in Indian Sociology." Explain the statement. *10*

(c) जाति व्यवस्था के अध्ययन के गुणारोपणात्मक एवं अंत:क्रियात्मक दृष्टिकोणों के बीच के अंतर का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the differences between the attributional and interactional approach in studying the caste system. *10*

(d) क्या परंपरा और आधुनिकता एक दूसरे के विरोधी हैं ? टिप्पणी कीजिए ।

Are Tradition and Modernity antithetical to each other ? Comment. *10*

(e) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में भूमि सुधारों की मुख्य विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

Discuss the main features of Land Reforms in post-independence India. *10*

**Q2.** (a) क्या आप आंद्रे बेतेई के इस विचार से सहमत हैं कि भारत के गाँव, भारतीय समाज के मूल सभ्यतागत मूल्यों के प्रतीक हैं ? एक समाजशास्त्रीय अवलोकन प्रस्तुत कीजिए ।

Do you agree with the view of Andre Beteille that India's villages are representative of Indian society's basic civilizational values ? Present a sociological overview. *20*

(b) भारत के लोकतंत्र और विकास में मध्य वर्ग की प्रमुख विशेषताओं और भूमिका को सविस्तार समझाइए ।

Elaborate the salient features and the role of middle class in India's democracy and development. *20*

(c) भारत में विवाह व्यवस्था की बदलती प्रवृत्तियों को समझने में बाज़ार एवं आधुनिक शक्तियों की भूमिका का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the role of market and modern forces in understanding the changing trends in marriage systems in India. *10*

**Q3.** (a) भारत में जाति व्यवस्था के संदर्भ में लूई ड्यूमॉन्ट के 'द्विआधारी विरोध' की अवधारणा की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए ।

Contextualize Louis Dumont's concept of 'binary opposition' with reference to caste system in India. *20*

(b) 'वंशानुक्रम' एवं 'गठबंधन' की अवधारणाओं को परिभाषित कीजिए । उत्तर एवं दक्षिण भारत की नातेदारी व्यवस्थाओं के बीच के अंतर को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

Define the concepts of 'Descent' and 'Alliance'. Differentiate between North Indian and South Indian Kinship systems with examples. *20*

(c) संस्कृतीकरण की अवधारणा का उपयुक्त उदाहरणों के साथ आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the concept of Sanskritization with suitable illustrations. *10*

**Q4.** (a) भारतीय जनजातीय समाज के विकास की विभिन्न धाराओं को समझने में अलगाव, समावेशन और एकीकरण के परिप्रेक्ष्यों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the perspectives of Isolation, Assimilation and Integration in understanding the trajectories of Indian Tribal Development. *20*

(b) भारत में बदलती कृषि वर्ग संरचना की स्थिति में भूमंडलीकरण के निहितार्थ और प्रभाव की व्याख्या कीजिए ।

Explain the implications and the impact of globalization in situating the changing agrarian class structure in India. *20*

(c) भारतीय समाज के संदर्भ में हरित क्रांति की विजय-गाथा की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

Critique the victory narratives of Green Revolution in the context of Indian society. *10*



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से, संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :

**Write short answers, with a sociological perspective, on the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) कुछ केस-अध्ययन पद्धतियों को उद्धृत करते हुए, 'विकास-प्रेरित विस्थापन' की अवधारणा का विस्तार कीजिए ।

Citing some case studies, expand the concept of 'Development-induced Displacement'. *10*

(b) 'सांस्कृतिक बहुलवाद' की अवधारणा का भारत की अनेकता में एकता के संदर्भ में परीक्षण कीजिए ।

Examine the concept of 'Cultural Pluralism' in the context of India's Unity in Diversity. *10*

(c) नई शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

Highlight the salient features of the New Education Policy (NEP) 2020. *10*

(d) भारत में सोशल मीडिया और जन लामबंदी (जुटाव) के बीच के समाजशास्त्रीय अंतर्संबंधों का विश्लेषण कीजिए ।

Analyse the sociological interconnections between Social Media and Mass Mobilization in India. *10*

(e) भारत में लिंगानुपात के क्षेत्रीय उतार-चढ़ाव की प्रकृति और उसके कारणों का उल्लेख करते हुए विवेचना कीजिए ।

Discuss the nature of regional variations in sex ratio in India, stating reasons thereof. *10*

**Q6.** (a) आप भारत में धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के संदर्भ में सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत क्षेत्रों में धर्म के बढ़ते महत्त्व को कैसे देखते हैं ? व्याख्या कीजिए ।

How do you account for the increasing significance of religion in public and personal spheres in the context of secularization thesis in India ? Explain. *20*

(b) बढ़ती वैश्विक जलवायु संबंधी चिंताओं के सामने, आप चिपको आंदोलन और इसके गाँधीवादी स्वर की प्रासंगिकता को किस प्रकार संदर्भीकृत करते हैं ? विश्लेषणात्मक उत्तर दीजिए ।

In the face of rising global climatic concerns, how do you contextualize the relevance of Chipko Movement and its Gandhian tone ? Answer analytically. *20*

(c) भारत में बाल-श्रम के आवर्ती ख़तरे को नियंत्रित करने के लिए आप किन कार्रवाई-योग्य उपायों का सुझाव देंगे ?

What actionable measures would you suggest to curb the recurrent child labour menace in India ? *10*

**Q7.** (a) क्या आपको लगता है कि दशकों के दलित राजनीतिक लामबंदियों और आंदोलनों से भारतीय लोकतंत्र की जड़ें मज़बूत हुई हैं ? अपने तर्क तथ्यों के साथ प्रस्तुत कीजिए ।

Do you think that the decades of Dalit political mobilizations and movements have helped in strengthening India's democracy ? Substantiate your arguments with facts. *20*

(b) 'प्रतिवर्ती प्रवास' (रिवर्स माइग्रेशन) क्या है ? भारत में इसकी विशेषताओं, कारणों एवं परिणामों पर चर्चा कीजिए ।

What is 'reverse migration' ? Discuss its features, causes and consequences in India. *20*

(c) ग्रामीण-शहरी सातत्य की परिघटना की उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए ।

Discuss the phenomenon of rural-urban continuum with suitable examples. *10*

**Q8.** (a) कुछ हालिया मामलों का हवाला देते हुए भारत में 'पितृसत्ता' और 'सम्मान रक्षा हेतु हत्या' (ऑनर किलिंग) के बीच विषयगत संबंधों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the thematic linkages between 'Patriarchy' and 'Honour killing' in India, citing some recent cases. *20*

(b) भारत में सहकारी आंदोलनों के सामने आने वाली चुनौतियों की चर्चा कीजिए । जमीनी स्तर पर इस आंदोलन को मज़बूत करने के उपाय सुझाइए ।

Discuss the challenges faced by the cooperative movements in India. Suggest measures to strengthen the movement at the grass-roots level. *20*

(c) 'वयोवृद्धि' से क्या अभिप्राय है ? भारत में वृद्ध लोगों की मुख्य समस्याओं की चर्चा कीजिए ।

What is 'Ageing' ? Discuss the major problems of aged people in India. *10*



IAS Gurukul 9999693744 www.iasgurukul.com